Title: Need to take steps to check pollution of Adhawra group of rivers at Madhubani, Bihar.

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : महोदय, मैं, भारत-नेपाल पर अवस्थित बिहार राज्य के मधुबनी लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। नेपाल के जनकपुर शहर में कूट का एक कारखाना है, जिससे कोई बहुत विषैला पदार्थ निकलता है, जिसे कारखाने वाले पास से गुजरने वाली अधवारा समूह की नदियों में गिरा देते हैं। ज्ञात हो कि अवधारा समूह की नदिया नेपाल से चलकर भारत में आती हैं। इन नदियों के पानी के साथ-साथ वह विषैला पदार्थ भी भारत की सीमा के अन्दर आ जाता है, जिसे पीकर सैकड़ों भारतीय मवेशी हर वर्ष मर जाते हैं।

मैं चाहता हूं कि भारत सरकार नेपाल सरकार से वार्ता कर उसकी रोकथाम करे, जिससे अधवारा समूह की नदियों के आसपास के गांवों के मवेशियों की सुरक्षा जनकपुर कूट के कारखाना से निकलने वाले विषैले पदार्थ से की जा सके, जिससे मधुबनी एवं सीतामढ़ी इत्यादि जिलों के मवेशी पालने वाले किसानों को राहत मिल सके। मैं यह भी मांग करता हूं कि जिन किसानों के मवेशी मर गए हैं, सरकार उन्हें मुआवजा भी देने का काम करे।